जहां चाह वहां राह

लेखक
गिरधारीदान

श्री करणी प्रकाशन
गंगाशहर (बीकानेर)

भूमिका

प्रस्तुत पुस्तक "जहां चाह वहां राह" में प्रौढ़ पुरुष एवं महिला-साक्षरता केन्द्रों को भली भांति संचालित करने के लिये हमें कौन-कौन से उपाय काम में लाने चाहिये उन्हें एक कल्पित कहानी के रूप में बताये गये हैं।

वैसे तो समय पर काम आवे वही हथियार। क्योंकि परिस्थितियां सभी स्थानों की एकसी नहीं होतीं। परिस्थितियों के अनुरूप ही उपाय अधिक लाभप्रद रहते हैं। फिर भी यदि यह पुस्तक थोड़ा भोत भी मार्ग-दर्शन कर सकी तो मैं अपने आपको सफल समझूंगा।

प्रस्तुत पुस्तक के सभी नाम और घटनाएँ कल्पित हैं। इस नाते मैं समझता हूँ कि किसी भी भाई-बहन को किसी प्रकार का ऐतराज न होगा। फिर भी यदि अनजाने में किसी से देवगति से ही मेल खा जाय तो वह मुझे निर्दोष समझ कर क्षमा कर देंगे।

मैं श्री रामसिंह जी सुपुत्र श्री भैरुसिंह जी, बागौड़ का आभारी हूँ कि जिन्होंने आर्थिक सहायता देकर इस पुस्तक को अपनी देख-रेख में प्रकाशित करवाई।

गिरधारीदान

दो शब्द

श्री गिरधारी दान जी से मेरा परिचय बहुत पुराना है। मेरे लिये वे केवल परिचित ही नहीं हैं अपितु आदरणीय भी हैं। इसलिए उन्होंने जब मुझे प्रस्तुत पुस्तक का प्राक्कथन लिखने के लिये कहा तो मैं सकोच में पड़ गई, फिर पुस्तक को आद्योपान्त देखा तो लगा कि मुझे अपना मन्तव्य तो इंगित कर ही देना चाहिये।

श्री गिरधारी दान जी जब कभी भी लिखते हैं तो किसी न किसी आदर्श की प्रेरणा से लिखते हैं। शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा का उन्हें दीर्घकालीन व्यावहारिक अनुभव है। आदर्श और अनुभव को मिलाकर वे अपनी कल्पना से जिस समाज का निर्माण देखना चाहते हैं, उसे वे अपनी विभिन्न कृतियों में प्रकट करते हैं। यह पुस्तक उसी दिशा का प्रयास है।

लेखक की सफलता-असफलता का निर्णय न तो भूमिका लिखने से होता है और न समालोचना से ही। साहित्यिक कृति के अच्छे बुरे की कसौटी उसके ग्रहीता पाठक ही होते हैं। मुझे लेखक की आदर्शवादी भावना अच्छी लगी है, क्योंकि उसमें लोक व्यंजन सम्बन्धी कमियों को भावी संस्करण में ठीक किया जा सकेगा, ऐसी मुझे आशा है।

गंगादेवी
एम०ए० बी०एड०, साहित्य रत्न
प्रधानाध्यापिका
श्री बीकानेर महिला मंडल
विवेकानन्द मार्ग
बीकानेर

स्वर्गीय मेजर जनरल श्री जयदेवसिंहजी, श्री भोमराज सरपंच, श्री गिरधारीदान एवं श्री गंगादास के साथ प्रो. शि. केन्द्र बरसिंहसर का निरीक्षण करते हुए।

समर्पण

श्रीमती रतन देवी दम्माणी

को

जिन्होंने समाज सेवा और विशेष करके प्रौढ महिला शिक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योग दान दिया है।

गिरधारीदान

प्रौ० शिक्षा प्रसार-केन्द्र

सरस्वती मोहल्ला (गणेशपुर)

—:o:—

गणेशपुर शहर के सरस्वती मोहल्ले में आज एक सभा का आयोजन किया गया था। सभा का मकसद था साक्षरता-प्रचार। अगवा लोग इधर-उधर दौड़ रहे थे। कई विछायत कर रहे थे। कई लाउड-स्पीकर लगा रहे थे। तो कई मोहल्ले के लोगों को ला रहे थे। इसमें कुछ अध्यापक थे। कुछ थे समाज-सेवी युवक। मोहल्ले के एक दो व्यक्ति भी दिखाई पड़ रहे थे।

सभा का समय ८ बजे रात्रि का था। इस कारण गैस की रोशनी भी हो रही थी। सभा प्रारम्भ करने का समय हो रहा था। अतः श्रोता-गण एक-एक दो-दो करके आ रहे थे। कुछ महिलाएं भी आती नजर पड़ रही थी। छोटे बालक तो पहले से ही शोर-गुल कर रहे थे। इस सभा के संचालक श्री मोहनलाल बालकों को शांत रहने को कह रहे थे। किसी को डराते थे। तो किसी को प्यार से बिठला रहे थे। वे बड़े व्यस्त से नजर पड़ रहे थे।

श्री मोहनलाल इस मोहल्ले की प्रौढ़ पाठशाला के संचालक थे। वे चाहते थे कि इस मोहल्ले के सभी अनपढ़ स्त्री-पुरुष साक्षर हो जाय। इसी ध्येय को लेकर ही उन्होने इस सभा का आयोजन किया था। उनका विश्वास था कि मोहल्ले वालो को समझाने से पढने वालों की सख्या बढ़ जायगी और उनकी प्रौढ-शाला चल निकलेगी। उनकी दिली इच्छा थी कि उसका केन्द्र पूर्ण सफल रहे।

श्री मोहनलाल इसी शहर के निवासी थे। वे एक सरकारी शाला में अध्यापन कार्य कर रहे थे। श्री निदेशक महोदय द्वारा सचालित साक्षरता-आदोलन से प्रेरित होकर उन्होंने इस मोहल्ले में साक्षरता केन्द्र का भार संभाला। उन्हे विश्वास था कि पढ़ने वाले तो आ ही जायेगे और इसी विश्वास को लेकर ही वे इस केन्द्र के संचालक बन बैठे। पर बात निकली उल्टी। ५-७ दिनों के बाद प्रौढ़ छात्रों की संख्या २-४ ही रह गयी। इससे उन्हें बडी निराशा हुई। करे तो क्या करे। सुपरवाइजर और टोप सुपरवाइजर आते और कमियां बता कर चल देते। किसी ने भी उस गरीब की सहायता नहीं की। करते भी कैसे? वे भी तो कोरे ही थे। केवल केन्द्रों को देखना ही

वे अपना कर्त्तव्य समझते थे । प्रौढ़ पढ़ने क्यों नहीं आ रहे हैं । इस मसले को हल करने के लिए उनके पास समय नहीं था और न ही वे इतना आगे बढ़ना चाहते थे । वे तो केवल अपने उच्च-अधिकारियों को प्रसन्न करने के लिए ही एकाध बार केन्द्रों का चक्कर लगा कर रिपोर्ट कर देने तक ही अपना कर्त्तव्य पूरा होना समझते थे ।

मोहन के कुछ साथियों ने यह भी सलाह दी कि क्यों इतनी चिंता करते हो सभी केन्द्र इसी तरह चल रहे है । रजिस्टर मे नाम होने चाहिएं । प्रौढ आये न आये । हाजिरी भर लिया करो । जब कभी कोई देखने को आये तो भाई-वीरा करके प्रौढ़ों को बिठा लिया करो । इसमें है ही क्या, दो दिन का मशाणिया वेराग है । ढीला पड़ जायगा । हम तो भाई ऐसा ही करते हैं । हम तो केन्द्र भी तभी जाते हैं जब देख लेते हैं कि आज तो कोई शिक्षा-विभाग का अधिकारी देखने आ रहा है । सभी निदेशक महोदय को खुश करने के लिए दौड़-धूप कर रहे हैं । सही लगन तो किसी में भी नहीं है। तुम क्यों चिंता से मर रहे हो ?

मोहन खरा व्यक्ति था । उसके गले ये बाते नहीं

उतरी । खोटा-खरा लिखना उसके वश का नहीं था। धोका देना वह महा पाप समझता था । उसने सुन रखा था कि या तो स्वांग भरना नही यदि भर लिया तो उसे लजाना नहीं । भाउकता के प्रवाह मे वह कर दूसरों की देखा-देखी केन्द्र खोल दिया और केन्द्र सचालक बन बैठा । कुछ दिन तो प्रौढ-शिक्षा समिति के सदस्यों ने साथ दिया । पर बाद में उनके पास बात करने को भी समय नही था । मोहन के बार-बार कहने पर या प्रार्थना करने पर कह देते कि—'मास्टरजी थे तो भोला हो । म्हैतो चेजे-भाटे रो काम करता-करता थक्या-मांदा घर आवां हां म्हाने तो टुकड़ो खाणे रे बाद खाट ही सूझे है । यदि दो-चार आंक सीख भी लेस्यां तो कुणसी हूंडी आणे लाग जासी । थाने किणी प्रकार रो लाभ होवे तो कदे कदास म्है पढ़ने आ बैठस्यां। रोजी ने म्हारे सू तो को आई जैनी ।

मोहन को ऐसी बाते सुनने से बड़ा दुख होता । पर करे तो क्या करे ? उसके पास भी ऐसा कोई कारगर सुझाव नही था कि जिससे वह उन्हे, प्रौढ-केन्द्र की ओर आकर्षित कर सके । अर्थात् यह कह सके कि आप लोगों को यह लाभ निश्चित होगा ।

उसके ध्यान में यह भी आया कि एक नवीन पोथी पढ़ लेने से उन्हें आर्थिक लाभ तो कुछ भी होगा नहीं, न वे आगे अध्ययन हो कर सकेंगे। फल यह होगा कि कुछ दिनों बाद वे फिर कोरे के कोरे रह जाँयगे। एक बार सरकारी आंकड़ों में भले हीं संख्या दिखाई जाय कि इतने प्रौढ़ साक्षर कर दिये गये हैं। पर उन्हें वास्तविक लाभ इस साक्षरता से तो मिलना नहीं है। इस कारण वह उनकी बात सुन कर चुप हो जाता। पर वह अपनी बात का धनी था। वह आगे वढ़ कर पीछे हटना नहीं जानता था। उसने अपने दिमाग में यह जचा लिया था कि इस मोहल्ले को तो साक्षर करके ही हटना है, पर अपने इस महत्वपूर्ण एव पवित्र कर्त्तव्य को पूरा करे तो करे कैसे, यह मार्ग उसकी समझ में नहीं आ रहा था। उसने कई नामी विद्वानों की शरण ली, पर लाभ कुछ नहीं हुआ। किसी ने भी मोहल्ले में एक दिन भी आकर उन लोगों को समझाने का कष्ट नहीं किया। समाज-सेवी सज्जनों के द्वार भी खट-खटाये। स० उप-निरीक्षक, उपनिरीक्षक एवं निरीक्षक महोदय से भी अपनी व्यथा सुनाई, पर उसकी बिमारी का इलाज करना किसी ने भी स्वीकार नहीं किया। वह रोज

७ बजे शाम से रात्रि के दस बजे तक पागल की तरह मोहल्ले में चक्कर लगाता या अपने प्रौढ़-केन्द्र पर रोशनी करके बैठा रहता। कभी एकाध प्रौढ़ आ गया तो आ गया, अन्यथा वह अकेला ही बैठा रहता था। जबकि मोहल्ले में लोग जगह-जगह पर बैठे गप्पें लगाते रहते, ताश खेलते रहते, झूठा वाद-विवाद भी करते रहते, खेल तमाशे में भी आधी-आधी रात तक घुला देते, पर प्रौढ़-शिक्षा केन्द्र की ओर मुख नहीं करते। जब कहा जाता तो कह देते हम तो दिन भर काम करते-करते थक जाते हैं। आखिरी ऐसा क्या कारण है कि लोग साक्षर होने में रुचि क्यों नही लेते। यही एक विचार उसके मस्तिष्क में चक्कर लगाता रहता। क्या उपाय किया जाय कि लोगों की रुचि साक्षर होने की ओर झुकाई जाय।

पर किसी ने सत्य ही कहा है कि 'जहा चाह वहाँ राह' गोस्वामी तुलसीदासजी ने भी रामायण मे लिखा है—

जा पर जाकी सत्य स्नेहू,
ते तेही मिलही न कछु संदेहू।

आखिरी हमारे इस दुखी, पर दृढ़ प्रतिज्ञक इस युवक की भी भगवान ने सुनी। एक दिन रात्रि के करीबन

९ बजे एक भगवां-वस्त्र धारी संत एकाएक उसके प्रौढ़-केन्द्र पर ही आ धमका ।

मोहन अपनी दो गैश की लालटेणों के बीच अकेला ही नतमस्तक बैठा-बैठा इसी अधेड़बुन में लगा हुआ था कि "क्या मैं इस केन्द्र को बंद कर दूं। कितने दिनों तक और बेमतलब तेल-का खर्च लगाता रहूँगा।" परन्तु बंद करने का विचार आते ही उसके दिल में जलन सी होने लग जाती थी। उसका मन मचल उठता था और केन्द्र बंद करने को कत्तई तैयार नहीं होता था, इसी बीच उसके कानों में आवाज पड़ी:— "बच्चा कुछ खाने को मिलेगा" मोहन आवाज को सुनकर चौंक उठा और झट से खड़ा हो गया। उसने देखा कि एक भव्य-मूर्ति भगवा-वेश में उसके सामने खड़ी है। सफेद दाढ़ी के बाल छाती को ढ़के हुए थे, एक हाथ में कमन्डल और बगल में कुछ कपड़ों की गठरी रखी हुई थी। उसके दु.खी मन को इस सौम्य-मूर्ति को देखते ही ऐसा भान हुआ कि साक्षात भगवान ही उसकी सहायता को आ गये हैं। उसने आव देखा न ताव, धम से साधु के पैरों पर गिर पड़ा।

साधु महाराज भी देखते के देखते ही रह गये।

प्रथम तो वे भी समझे ही नहीं कि बात क्या है। पर बाद में उनकी समझ में आया कि यह युवक दुःखी है और साधु का धर्म है दुखी की सहायता करना अतः उन्होंने मोहन के सिर पर अपना हाथ रख कर कहा — "उठो बेटा ईश्वर तुम्हारी मदद करेगा। उस अन्तर्यामी ने ही मुझे तुम्हारे पास भेजा है। मैं तुम्हे आशीर्वाद देता हूँ कि भगवान तुम्हारी मनोकामना पूरी करेंगे। उठो और बताओ, तुम्हें क्या चाहिए ?

साधु महाराज के ये ममता से सने हुए मधुर वचन सुन कर उसे बड़ी सात्वना मिली और वह झट खड़ा हो गया। उसने महात्माजी से अर्ज की— भगवन् विराजिये! मैं आपके लिए भोजन की व्यवस्था कर रहा हूँ।

"नहीं" महात्माजी ने अपनी सफ़ेद दाढ़ी पर हाथ फेरते हुए कहा।

"क्यों भगवन्" मोहन ने हाथ जोड़ते हुए कहा। "अभी-अभी आपने भोजन के लिए ही तो फर-माया था"।

"क्या तुमने नहीं सुना," महात्माजी ने जमीन पर बैठते हुए कहा।

"क्या महाराज," मोहन ने पूछा–
"संत हृदय नवनीत समाना,,,महात्माजी अपने छाती पर हाथ रखते हुए कहा ।
"गुरुदेव अच्छी तरह समझाइये" ।
मोहन ने हाथ जोड़ कर कहा ।
'पहिले तो तुम यह बताओ कि तुम यहाँ पर दो-दो गैस की लालटेन जगाये हुए अकेले क्यों बैठे हुए हो ।

इस पर मोहन ने अपनी सारी राम कहानी महात्माजी को सुनायी । उसने यह भी प्रार्थना की कि वह इस मोहल्ले के केन्द्र को पूर्ण सफल बनाना चाहता है । भले ही उसे इसके लिए कितना ही परिश्रम करना पड़े । आज वह बैठा-बैठा यही सोच रहा था कि "इस मोहल्ले के लोग उसका साथ क्यों नही दे रहे है ? जबकि वह उनकी उन्नति के लिए सब कुछ करने को तैयार है । इसी उधेड़बुन में वह व्यस्त था कि क्या मैं इसे बन्द कर दूं, जबकि मोहल्ले वाले मेरा साथ दे ही नही रहे है ? यदि आज आपके दर्शन नही होते तो मैं यहाँ से सदा के लिए निराश हो कर चला जाता । पर इससे मेरी इस धारणा को बड़ी ठेस लगती कि मनुष्य क्या नहीं कर सकता ? वह कहता गया—महात्माजी कार्य

प्रारम्भ करके आपत्तियों से घबरा कर मैं पीछे नहीं हटता। पर यहाँ पर तो बात ही दूसरी है। जिनके लिए त्याग करना चाहते हैं। अर्थात् जिनके हित के लिए कार्य किया जाता है वे ही नहीं चाहते। अर्थात् गवाह चुस्त, मुद्दई सुस्त वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। अब मैं आप की शरण में हूँ। आप ही मेरी इस लगन को पूर्ण करने की कृपा करें। यह कहते हुए उसने महात्माजी के चरणों पर सिर रख दिया। महात्माजी मोहन को थप-थपाते हुए कहने लगे:—उठो बेटा ! ईश्वर तुम्हारी इस परोपकारी भावना को सफल बनायेगा। यही लोग जो आज तुम्हारी तरफ देख ही नहीं रहे हैं, एक दिन तुम्हारे पैर पूजेंगे और तुम्हारे उपकारों के गुण-गान करते नहीं थकेंगे"।

महात्माजी कहते गये—पवित्र कार्यों में बाधाएँ आनी स्वाभाविक है। किसी कवि ने सत्य ही कहा है:—

होगी सफलता क्या नहीं,
कर्त्तव्य पथ पर दृढ़ रहो।
आपत्तियों के वार सारे,
वीर बन कर के सहो॥

उठो और कल यहाँ पर एक सभा का आयोजन

करो । मैं भी कल ठीक आठ वजे तुम्हारी इस सभा में भाग लूंगा । "अब जा रहा हूँ । ईश्वर तुम्हारा भला करे" । यह कह कर महात्माजी उठे और चल पड़े । मोहन उनकी ओर देखता रहा–ओर सोचता रहा कि क्या यह स्वप्न तो नहीं था ।

अन्त में वह उठा और लालटेण बुझा कर अपने घर चला गया । रात भर उसके मस्तिष्क में महात्माजी के शब्द गूंजते रहे

दूसरे दिन अपने कुछ साथियों को ले कर सूर्य अस्त होते ही–मोहल्ला सरस्वती में आ धमका और ऊपर वर्णित–सभा की तेयारी में लग गया ।

पहली सभा

ठीक आठ वजे महात्माजी पधारे ओर मोहन के हजार मना करने पर भी सभी के बीच नीचे ही यह कहते हुए कि "साधुओं का आसन तो जमीन ही है", वैठ गये ।

महात्माजी के प्रभावशाली व्यक्तित्व का सभी व्यक्तियों पर काफी प्रभाव पड़ा । प्रथम तो श्रोताओं की संख्या नगन्य ही थी, पर ज्यो ही महात्माजी आये, अड़ोस-पड़ोस के घरों से आने वाले स्त्री–

पुरुषों का तांता-सा बंध गया । देखते-देखते ही १०-२० व्यक्तियों के स्थान पर १००-१५० व्यक्ति दिखाई देने लगे । सभी स्त्री-पुरुष महात्माजी के चरण छू-छू कर यथा स्थान बैठते गये ।

सर्व प्रथम मोहन उठा और महात्माजी के चरण छू-कर कहने लगा:—श्रद्धेय एव परम-पूज्य महात्माजी एवं मेरे भाई-बहनों ! आज का दिन हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य का दिन है, क्योंकि आज स्वयम् भगवान ही महात्माजी के रूप में हमारे यहाँ पधारे है । जिसका प्रभाव आप सभी लोग देख रहे है कि मेरी बार-बार प्रार्थना करने पर भी आप लोग यहाँ तक नही आते थे आज बिना बुलाये दौड़े हुए आ-रहे है । यह कृपा आज महात्माजी की ही है । अब मुझे पूर्ण विश्वास हो गया है कि अपना यह मोहल्ला निश्चय ही एक आदर्श महोल्ला होगा और जैसा इसका नाम है उसी तरह सरस्वती का प्रत्येक घर में निवास हो जायेगा । मैं अपनी तरफ से, प्रौढ़-शिक्षा-समिति के सदस्यों की तरफ से और इस मोहल्ले के प्रत्येक नर-नारी की तरफ से महात्माजी का हृदय से स्वागत करता हुआ प्रार्थना करता हूं कि वे अपने उपदेशामृत द्वारा हम सभी को लाभा-

न्वित करने की महत्ती कृपा करें । "यह कहता हुआ मोहन अपने स्थान पर बैठ गया ।

महात्माजी जब प्रवचन के लिए उठने लगे तो सभी ने प्रार्थना की कि महाराज आप बैठे-बैठे ही उपदेश देवे । इस पर महात्माजी ने अपने स्थान पर ही बैठे-बैठे कहने लगे:—भाई और बहनों ! मैं अपने आप को आज बड़ा ही सौभाग्यशाली समझ रहा हूँ क्योंकि मुझे आज ऐसी सभा में बोलने को कहा गया है जिसका उद्देश्य है पिछड़े भाई-बहिनों में शिक्षा का प्रसार करना । इसे इसलिए कह रहा हूँ कि हमारा मुख्य उद्देश्य—शिक्षा-प्रसार ही होना चाहिए । साक्षरता प्रसार तो शिक्षा-प्रसार का एक प्रमुख अंग-मात्र है । पर यह अंग है अनिवार्य । क्योंकि यह अंग अंधेरे में जैसे दीपक काम करता है, उसी तरह शिक्षा-प्रसार में प्रकाश डालने का कार्य करता है । अत. इस नाते सर्व प्रथम साक्षरता-प्रसार को ही लेना अधिक श्रेयस्कर रहता है । क्योंकि साक्षरता ही हमे इस योग्य बनायेगी कि हमें क्या-क्या ओर किस प्रकार करना चाहिए ? परन्तु मैं यह भी प्रार्थना करूंगा कि इसके साथ-साथ समाज-सुधार के दूसरे अंगों का सुधार भी आवश्यक ही नही अनिवार्य है।

उन अगों का मुधार हमारे साक्षरता प्रसार को अधिक बल देगा । साथ-साथ में हम उन व्यर्थ के खर्चों मे भी बचजायंगे । जिन पर रूढ़ि वादिता के कारण बेकार हजारो रुपये खर्च होते रहते है । स्वास्थ्य सम्बन्धी नियम का पालन भी हमारे लिए इतने ही आवश्यक है, जितना धन कमाना । क्योंकि सारी बात शरीर की निरोगता पर ही आधारित है । पर इन नियमो का पालन भी हम पूर्ण रूप से तभी कर सकते है, जबकि हम साक्षर हों । अत: साक्षर प्रसार शिक्षा-प्रसार का पहिला एव अनिवार्य अंग है और इसी कारण सरकार और समाजसेवी युवक-युवतियाँ साक्षरता-प्रसार को पहल दे रहे हैं । क्योंकि पढ़े-लिखे बिना हम नागरिकता के नियमों को भी पूरी तरह नही समझ सकते जबकि नियमो को समझ ही नही सकते तो उनको सही रूप मे पालन भी कैसे कर सकते है । नागरिकता के नियमो का सही रूप मे जब पालन न हो सकेगा तो अराजकता फैल जायेगी और फल यह होगा कि नागरिक-जीवन रूपी गाड़ी दल-दल में फस जायेगी । जो आजकल आप लोगों के सामने वर्तमान देश की स्थिति मे साफ-साफ प्रकट हो रही है ।"

कुछ देर ठहर कर महात्माजी फिर कहने लगे:– आप लोग सोचते होंगे कि हम शाम को दिन भर के शारीरिक परिश्रम से थक कर घर आते हैं और खा पी कर पड़ रहने की सोचने लगते हैं। फिर भी कहीं घंटा-आध घंटा मर-पच कर दो–चार अक या अक्षर सीख भी लिए तो इसमें हम कौन से विद्वान बन जायेंगे या कोई रोजगार पा जायेंगे। आप लोगों का यह सोचना देखा जाय तो निरमूल नहीं है, पर जब हम गहराई से इसे सोचें तो इसकी तह में बड़े–बड़े लाभ हमें नजर पड़ेंगे।"

यह सुनते ही कुछ आवाजें आईं, "स्वामीजी वे कौन–कौन से लाभ है?"—

इस पर स्वामीजी ने कहा:—तो सुनिये:—

(१) प्रौढ़-शिक्षा–केन्द्र हमें बेकार की बातों से बचाता है, अर्थात् रात्रि में भोजन के पश्चात् हम लोग स्थान–स्थान पर इकट्ठे हो कर फीजूल का वाद–विवाद करते रहते हैं, कुछ ताश–खेलने लग जाते है तो कुछ अन्य बुरे कामों की ओर झुक जाते हैं। प्रौढ़-शिक्षण-केन्द्र हमें इन बुरी बातों से बचाकर हमारे उस समय को भलेकामों में लगाता है।

(२) दूसरे प्रौढ़-शिक्षा केन्द्रों पर जाने से हमें रामायण या महाभारत वा अन्य धार्मिक चर्चा सुनने को मिलती है ।

(३) तीसरे सामयक समाचार भी प्रतिदिन प्रौढ-शिक्षा-केन्द्रों पर सुनाये जाते है ।

(४) चौथा लाभ यह है कि हम साक्षर होते जाते है । जो हमारे लिए इस प्रजातन्त्र-युग मे आवश्यक ही नही अनिवार्य भी है ।

(५) पाँचवा लाभ यह होगा कि हम यहाँ पर प्रतिदिन इकट्ठे हो कर हमारे महोल्लो मे सामाजिक सुधार-सम्बन्धी कार्य भी कर सकेंगे ।

(६) छठा लाभ यह हो सकता है कि यदि हम इस समय मे कुछ लघु-उद्योग सम्बन्धी कार्य भी करने लगे तो हमें आर्थिक लाभ भी मिल सकता है ।

(७) सातवा लाभ यह होगा कि हमारे बालक-बालिकाओं के संस्कार पुराने रूढ़ि वादिता की ओर से हट कर आधुनिक सभ्य-समाज की स्थापना की ओर झुकने लगेंगे ।

(८) आठवा लाभ यह होगा कि हमारे बूढ़े-बड़े भाई-बहनों का अध्ययन करते करते स्वर्गवास

हो जायगा तो अगले जन्म में उनकी रुचि शिक्षा की ओर अधिक होगी और वे पूर्ण विद्वान होंगे। जैसा कि हमारा हिन्दू शास्त्र कहता है कि अंत समय में व्यक्ति के मन में जो भावना रहती है, वही उसे अगले जन्म में मिलती है।

(९) नववां लाभ यह हो सकता है कि आपके इस प्रौढ़-शिक्षा- केन्द्र के माध्यम से समय-समय पर अच्छे से अच्छे विद्वानों तथा महात्माओं के भाषण एवं प्रवचन सुनने को मिलते रहेंगे।

इसी प्रकार अन्य और भी छोटे-मोटे अनेक लाभ प्राप्त हो सकते है। जैसाकि किसी ने कहा कि— जहँ सम्पत्ति तहँ सम्पत् नाना। "भले काम का फल सदा भला ही होता है।" इसमें कोई दो राय नही है। अतः मेरी आप लोगों से यही प्रार्थना है कि आप अधिक से अधिक इस प्रौढ़ शिक्षा-केन्द्र से लाभ उठावें। मैं भी आपके इस केन्द्र पर हर शनिवार को अवश्य आने का प्रयत्न करता रहूँगा। क्योंकि आपके इस प्रौढ़-शिक्षा-केन्द्र के संचालक श्री मोहनलाल

एक पूर्ण समाज सेवी एवं दृढ़ प्रतिज्ञ व्यक्ति है। मुझे पूर्ण यकीन है कि यह पुरा आदि महोल्ले को सभी तरह से एक आदर्श महोल्ला बना कर ही दम लेगा। यदि आप लोगो का सहयोग इसे मिलता रहा। मैं श्री मोहनलाल से प्रार्थना करता हूं कि वह अपने केन्द्र के दैनिक कार्य-क्रम पर प्रकाश डाले। इसके साथ इस महोल्ले के भाई-बहिनो से भी अपील करता हूं कि वे केन्द्र को भली-भांति चलाने के लिए अपने मे से योग्य व्यक्तियो की शिक्षा-समिति की स्थापना करे। यह कह कर स्वामीजी ने अपना भाषण बन्द कर दिया।

तत्पश्चात् श्री मोहनलाल ने खड़े हो कर अपने प्रौढ़-शिक्षण-केन्द्र के दैनिक कार्य-क्रम की रूप रेखा पर निम्न प्रकार प्रकाश डाला।

श्रद्धेय गुरुदेव महोल्ले के आदरणीय महानुभाव एवं मेरे सहयोगी भाइयो ! मै आज स्वामीजी का पूर्ण आभारी हूँ कि उन्होने पधार कर अपने वचनामृतो से इस मूरझते हुए केन्द्र को फिर से जीवन दान दिया। मुझे स्वप्न मे भी यह आशा नही थी कि इस महोल्ले के भाई-वहिन इतनी संख्या मे इस प्रौढ़-

शिक्षा-केन्द्र पर पधारने की कृपा करेंगे, पर स्वामीजी की चरणों की रज ने आज इस महोल्ले में अपना पूरा चमत्कार दिखा कर सभी भाई-बहिनों के दिलों में शिक्षा के प्रति महान श्रद्धा उत्पन्न कर दी। अब मुझे आशा ही नही पक्का विश्वास हो गया है कि मेरा यह केन्द्र श्री गुरुदेव के चरण-रज के प्रताप से एक आदर्श प्रौढ शिक्षा-केन्द्र बनकर ही रहेगा—

प्रौढ़-शिक्षा-केन्द्र का दैनिक-कार्यक्रम निम्न प्रकार रहेगा:—

७ बजे शाम से ८ बजे तक धार्मिक-चर्चा (रामायण या महाभारत या अन्य आवश्यक धार्मिक चर्चा)

८ बजे से ८-१५ तक ईश प्रार्थना-प्रौढ़-छात्रों द्वारा:-

८-१५ से ६-४५ तक साक्षरता कार्यक्रम:-

६-४५ से १०-०० तक भजन-कीर्तन-

१०-०० से १०-२५ तक सामयक-समाचार-

१०-२५ से १०-३० राष्ट्र-गीत-

यह कार्यक्रम मैंने अपने विचारों के आधार पर आप लोगों के समक्ष रखा। इसमें महोल्ले के लोगों की आवश्यकतानुसार हेर-फेर भी किया जा सकता है। समय भी सर्दी-गर्मी के अनुसार आगे-पीछे होता रहेगा।

७ बजे से ८ बजे तक तो खासकर बुढ़े-बढ़ेरे भाई-बहन ही अधिक भाग लेंगे । क्योंकि इस समय में उनकी रुचि अनुसार धार्मिक चर्चा की व्यवस्था की जायगी । इस कार्य के तत्काल बाद ही प्रौढ छात्रों द्वारा ईश–प्रार्थना होगी और उसके पश्चात् शिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया जायगा । यह कार्यक्रम दो भागों मे विभाजित रहेगा–अर्थात् पहिले ३० मिन्टों में अक्षर-ज्ञान तथा दूसरे ३० मिनटों में अंक ज्ञान दिया जाया करेगा । इसके पश्चात् प्रौढ़-छात्रों द्वारा भजन और कीर्तन को व्यवस्था रहेगी । यह व्यवस्था प्रौढ़-छात्रों की रुचि अनुसार एकादशी, अमावस्या और पूर्णिमा को बढाई भी जा सकेगी ।

कीर्तन के तत्काल बाद ही सामयक समाचार भी समाचार-पत्रों के आधार पर सुणाये जायेंगे अन्त में राष्ट्र गान होगा और केन्द्र का उस दिन का कार्य समाप्त हो जायगा ।

हर रविवार को शिक्षण-कार्यक्रम बंद रहेगा पर अन्य कार्य सदा की भाँति चलते रहेंगे। शिक्षण-कार्य-क्रम के समय मे समाज-सुधार सम्बन्धी कार्य-क्रम पर विचार विनिमय चलेगा । महोल्ला सुधार कार्य के लिए निम्नलिखित समितियों की आवश्यकता होगी:—

(१) साक्षरता प्रसार समिति ।
(२) आर्थिक दशा—सुधार—समिति ।
(३) कूरीतियाँ—निवारण समिति ।
(४) स्वास्थ्य—सुधार समिति ।

प्रत्येक समिति में कम से कम ५ सदस्य अनिवार्य रूप से होने चाहिए । इस तरह चारों समितियों में २० सदस्य होगें और इन पर एक सभापति २१ वां व्यक्ति वह होगा जिसे ये २० सदस्य चुन लेगें ।

अतः अब मैं स्वामीजी से प्रार्थना करूंगा कि वे अपनी अध्यक्षता में इन समितियों का गठन करा देने की महत्ती कृपा और करें । इतना कहने के पश्चात् मोहन ने अपना स्थान ले लिया ।

कुछ देर समय में सन्नाटा सा छाया रहा । पर थोड़ी देर बाद ही स्वामीजी ने गुरू गम्भीर वाणी में कहा—भाइयों अब थोड़ी देर हमें "रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम के नाम का कीर्तन करना जरूरी है । क्योंकि उस पतित पावन की कृपा से ही हम अपने इस पवित्र कार्य में संलग्न हो सकते हैं । इतना कह कर स्वामीजी बड़ी ही मधुर वाणी में कीर्तन प्रारम्भ कर दिया—और उनके साथ साथ ही कम से कम २०० व्यक्तियों की स्वरीली

ध्वनि महोल्ले भर में राम नाम की गुन्जार गर्जित करदी । यह कार्य ठीक १५ मिन्ट तक चलता रहा। १५वों मिन्ट समाप्त होते ही स्वामी जी भगवान रामचन्द्र की जै के साथ किर्तन समाप्त करते हुए कहने लगे मैं सबसे प्रथम आप लोगों से यही प्रार्थना करता हूं कि आप अपने इस महोल्ले के उस सज्जन का नाम बताने की कृपा करें जिसे आप सभी लोग अपना नेता चुनना पसंद करेंगे । या जिसकी राय आप सभी लोगों को मान्य होगी ।" इतना कहने के बाद स्वामीजी चुप हो गये । सभा में थोडी देर कानाफूसी के बाद एक अधेड व्यक्ति ने खडे होकर कहा कि—"म्हारे मे तो गोपाल भाई ही सारा जगा मे मानीजतो और आपरी खावणियो मिनख है । म्हारे में तो वीरी बात टालणियों एक ही कोईनी ।" इतना कहने के पश्चात् वह व्यक्ति फिर अपनी जगह बैठ गया—

पर स्वामीजी ने बडी मधुर और गम्भीर वाणी मे कहा कि "गोपाल भाई तो सबकी कामना पूरी करने वाले है । अत वे अपने लोगो की कामना अवश्य पूरी करेंगे । मै गोपाल भाई से अर्ज करु हूँ कि वे मेरे पास आने की कृपा करे ।" इतना कह

कर स्वामीजी फिर चुप हो गये । पर एक दुबला-पतला व्यक्ति जिसकी आयु कोई ६० या ७० के बीच मालूम पड़ रही थी आहिस्ते से उठकर स्वामीजी के आगे आ खड़ा हुआ ।

स्वामीजी ने हाथ जोड़ कर कहा "आओ गोपाल भाई" हम तो आपकी ही इंतजार में थे"।

इस पर गोपाल भाई ने बड़ी नम्रता से हाथ जोड़ते हुये कहा "महाराज थे हाथ जोड़ र म्हारे माथे पाप मत चढाओ । हूं तो आपरो और समाज रो दास हूँ। आप लोग जो भी आज्ञा देस्यो बीने म्हारे हूं निभसी भठे तक निभाने की पूरी कोशिश कर स्यूं । आगे भगवान की मर्जी होसी जिकी काम आसी ।"

"मर्जी तो भगवान की ही काम आसी ।" स्वामीजी ने ऊपर की ओर हाथ जोड़ कर कहा । पर भगवान भी तो हम में ही है । हम से अलग वह कहाँ जा सकता है । अतः गोपाल भाई हम तो आपको साक्षात् गोपाल मानकर चलेंगे । गोपाल ने जिस तरह वृज के ग्वाल-बालों की कंस के भेजे हुए राक्षसों से रक्षा की थी उसी तरह आप भी अपने इन महोल्ले के भाई-बहनों को अशिक्षा एवं कुरीतियों रूपी राक्षसों से जो समाज को डूसने वाले कंसों ने अपनी

स्वार्थ सिद्धी के लिए फैला रखी है, रक्षा करोगे।"

"रक्षा करने वालो तो सांवरियो ही है स्वामीजी !" गोपाल भाई ने स्वामीजी के आगे हाथ जोड़ते हुए कहा।

स्वामीजी ने कुछ जोर देते हुए कहा—"है तो सांवरियो ही। पर वह है तो हममे ही। हम से अलग कहाँ है। हम अपनी बोल-चाल मे कहते ही रहते है कि आत्मा सो परमात्मा। दूसरे गोपाल भाई यह भी सत्य है कि—जे कहनी करनी हुवे तो नर नारायण होय।

लोगों ने बिल कुल साथ दिया ही नही । इनकी हिम्मत टूट गई पर इन्हे अपनी कही हुई बात को जाते देखकर बड़ा दुःख हुआ । दुःख ही नही हुआ यह उसके पीछे पागल से हो गये । इस भाई ने एक दिन भी नागा नही की । आप लोगों के घरों के भी चक्कर लगाये । क्यों ! इसलिए कि कही कही हुई बात चली न जाय । हमारे पुरखों ने कहा है– रहो थाख और जाओ लाख । मैं कई दिनों से इस गरीब की व्यथा को महसूस कर रहा था । क्योंकि इसकी लगन लोक-सेवा के लिए थी । अपने स्वार्थ के लिए नही । यह तो आप लोग भी जानते हैं कि नहचे नीड़ो भगवान है । और यह मोहन की पक्की और निस्वार्थ लगन का ही फल है कि आज गोपाल भाई हाथ जोड़े मोहन की बात निभाने को तैयार खड़ा है । मैं इनके उन दूसरे साथियों को भी जानता हूँ जिन्होंने बांते तो बढ–बढ़ कर की थी । पर उन्हें निभाने का प्रयत्न एक दिन भी नहीं किया । क्योंकि उन्हें बातें ही करनी थी । काम नहीं । उन्होंने इसे भी कहा था–"क्यो मर रहे हो । कौन सा मिट्ठा हाथ लगेगा ।" पर इसने क्या उत्तर दिया था यह आप लोगों को मालूम नही है । इसने कहा

था–"मोहन आगे बढकर पीछे हटना नहीं जानता। और झूठी लिखा–पढ़ी को वह महापाप समझता है।"

अब मैं अधिक कुछ न कह कर यही कहूंगा कि गोपाल भाई आप मोहन की बात को पूरी उतारो और इनकी बताई हुई उन चारों समितियों के लिए योग्य और लगन के पक्के बीस युवको को छांटो और उनके कधो पर यह आवश्यक एव पवित्र कार्य का भार डाल दो।" इतना कहकर स्वामीजी चुप हो गये।

कुछ देर तो सभा मे फिर शान्ती रही पर अन्त मे श्री गोपाल भाई ने श्रोताओ की ओर मुड़ कर कहना प्रारम्भ किया।

भाइयो ! स्वामीजी ने जो-जो बाते कही है वे सारी की सारी आपणे भले की है। आं बाता ने निभाणी अब आपणे ही हाथ में है। आपणे इ गुरसतों महोल्ले मे कोई सौ घर है। जिणमें आधा घर तो माल्यां रा है। २०–२५ घर मेघवालरां ओर बाकी रा घर ब्राह्मण, सुद्रा और नायको रा है।

इन घरो में बसने वाली सख्या ५०० के आस-पास बताई जाये है। जिण मे आधा तू घणा रे तो

कालो अक्षर भैंस बराबर है । जदि आपां दसखत करना भी सीख लेस्यां तो अगूठों लगाग मूं तो गेल छूटसी । दूसरे घर रो लेग-देग भी लिख सकां तो कितीं वड़ी वात हुवे । दूकानदार मनमें आवे जिता पीसा तो को ले सकेनी । बूढा-वडेरा ने राम रो नाम रोज सुगासी । आ कितीक वड़ी वात है पहली तो भाई मोहन म्हारे जची को हीनी । इंरो कारग ओ है कि वोटांला आये दिन इसी वातां करता फिरे है । म्हे जागियो ओभी वांरो ही कोई अड़गो है । पग अव स्वामीजी महाराज पधारग्या तो सोलह आना जचगी कि बात साची है अब म्हे लोग रोज आस्या । पढगों तो इं सभा मे हुसी जिस्योड़ होसी पग हाजिरी रोज भर देस्या । राम रो नाम भी इं मिस काना मे पडसी । भगवान स्वामीजी महाराज ने भेज्या है । तो इये महोल्ले रो भलो ही होसी । इंमे फर्क को हैनी । सो भाइयों १५-२० जगां-स्वामीजी तथा भाई मोहन कवे जिया कमेटी वगाय र काम में लाग ज्याओ । कमेठ्यां में म्हां बूढा हूं तो काम होवे लो नहीं । ओ काम जवानारो है। थे लोग आगे आओ । पढो, और बास रो भलो होवे जिस्यो काम करो । आगा है, भगवान भलो ही कर

सो ।" यह कहने के पश्चात् गोपाल भाई बैठ गये । तत्पश्चात् कुछ समय तक तो धीरे धीरे आपस मे बाते होती रही । पर थोड़ी देर बाद ही ४—५ युवक खडे होकर कहने लगे—"हम तैयार हैं । मास्टर जी म्हाने जिको काम वतासी वो काम म्हे वरावर करता रहस्यां । कमेठ्या वरणाऐ रो काम मास्टरजी रो है । आदमी १५ या २० जित रा चाइजे उतरा ही तैयार हो ज्यास्या ।" यह कहकर वे युवक वैठ गये ।

इस पर स्वामीजी उठे और वोले—"धन्यवाद" मुझे इस महोल्ले से ऐसी ही आशा थी । फिर भी मैं आप लोगो से वनोर चेतावनी फिर कह देता हूँ कि आप-लोग इये काम मे ढील-ढाल विल कुल मत करिया । मैं आशोर्वाद देता हू एक-दो वर्ष में ही आपका यह महोल्ला इस शहर का एक सवसे अच्छा महोल्ला हो जायगा । शहर के वडे से वडे लोग आपका महोल्ला देखने आयेगे । मैं अव जाता हूँ । अगले शनीचर को फिर इसी समय आऊंगा और आप लोगो से आगे क्या—क्या और कैसे करना है वात करूगा । इसी वीच भाई मोहन कमेटी वना लेंगे । कमेटी के सदस्यो को क्या करना होगा । यह भी

बता देंगे । कल से रामायण ठीक ७ बजे प्रारम्भ कर दी जायगी । बाकी का कार्य-क्रम भी ठीक वैसे ही चलेगा जैसा मोहन ने बताया है । समाचार सुनने भी जरूरी है । क्योंकि अब हम स्वतन्त्र-भारत के नागरिक है । हमें हमारे देश तथा देशवासियों के हित में सदैव काम करते रहना है । वो हम जब तक सही रूप में नहीं कर सकेंगे । जब तक हमें देश में होने वाले कामों की गतिविधि का पता न चलता रहेगा । यह पता समाचार-पत्र, रेडियो आदि से प्रतिदिन लेना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य सा है। अतः मैं मास्टर साहब से कहूंगा कि वे समाचार पत्र अपने साथ अवश्य लाया करें । आशा है आप लोग मिल कर काम करोगे । तो आप के वास में वासाऊ रेडियो का तथा लाउड स्पीकर का भी प्रबन्ध हो जायगा । इस शाला भवन को भी ठीक करना होगा। आदि बातों पर आगे बात करेंगे । जै हिन्द–ईश्वर आपका भला करे ।" यह कहते हुए स्वामीजी रवाना हो गये ।

लोगों ने चाय-पाणी की अर्ज की पर वे माने नही । चले गये । इस पर मोहन ने लोगो को धन्य-वाद देते हुए कहाः—भाइयों स्वामीजी के आशीर्वाद

और आप लोगों के सहयोग से मैं आशा करता हूँ कि अपने को जरूर सफलता मिलेगी । अपना यह महोल्ला थोडे समय में ही आत्म निर्भर हो जायगा। अब मैं प्रार्थना करता हू आप लोग पधारो । पर इसी तरह रोज दर्शन देते रहोगे तो हम काम करने वालों का उत्साह चौगुना रहेगा । कल हम कमेटियाँ बना लेंगे । उन्हे उनकी पसंद के अनुसार काम भी सोप देंगे । शनिचर को स्वामीजी का आशीर्वाद भी उनको मिल जायगा । जै हिन्द ।''

सभा समाप्त हो गयी । लोग-बाग आपस में बात-चीत करते हुए अपने-अपने घरों की ओर जाने लगे। मोहन भी गैस की लालटेण पडोस के घर पर रख कर अपने घर की ओर चला गया ।

दूसरी सभा

पांच दिन लगातार प्रौढ शिक्षा-केन्द्र का कार्य सुचारु रूप से चलते रहने के बाद शनिवार आ गया शनिवार की प्रतिक्षा सभी कर रहे थे । क्योंकि इस दिन स्वामीजी ने आने का आश्वासन दिया था ।

इस केन्द्र का संचालक श्री मोहन लाल भी प्रतीक्षा

में थे। क्योंकि उसके केन्द्र को प्राण–दान देने वाले स्वामीजी ही थे। जिस केन्द्र में एक ही छात्र नहीं आ रहा था। वहाँ आज ४० के करीब प्रौढ़ छात्र आने लग गये थे।

दूसरे चारों ओर कमेटियों के २०, युवकों ने भी पढ़ना प्रारम्भ कर दिया था। ५० वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों ने भी कम उत्साह नही दिखाया। वे भी धर्म-कथा सुनने के बाद घंटा-आध घंटा अक्षर ज्ञान लेने लग गये थे। इस तरह ७ बजे से ११ बजे तक केन्द्र पर शिक्षा–मेला सा लगने लग गया था। इन सबकी जड़ में था स्वामीजी का उपदेश! जिसने इस महोल्ले में जादू का सा चमत्कार दिखाया था।

यही सब कारण थे कि सभी लोग शनिवार की प्रतीक्षा प्रेम से कर रहे थे। शनिवार आया। दिन में महोल्ले भर में उत्साह की लहर सी दौड़ रही थी। क्या पुरुष, क्या महिला, क्या प्रौढ और क्या बालक सभी की जबान पर स्वामीजी की ही बात थी। सभी आतुरता के साथ शाम की प्रतिक्षा कर रहे थे।

ठीक ७ बजे ही स्वामीजी महाराज आते दिखाई पड़े। सभी लोग घरो को छोड़ कर केन्द्र की ओर

दौड पड़े । देखते–देखते ही एक २०० स्त्री–पुरुषों की भीड़ केन्द्र पर इकत्रित हो गई और ज्यूंही स्वामीजी पधारे उनके जै-जै कार से आकाश गूंज उठा । इस गुंजार के साथ ही स्वामीजी महाराज ने आशन ग्रहण किया ।

आज सभी लोगो की इच्छा थी कि रामायण स्वामीजी के मुखारबिन्द से ही सुने । महापुरुष तो अन्तरयामी होते हैं । अत स्वामीजी ने भी लोगों की इच्छा का अनुभव करते हुए स्वयम् ही रामायण सुनाने के लिए तैयार हो गये ।

स्वामीजी ने रामायण सुनाने से पूर्व रघुपति राघव राजाराम के नाम का कीर्तन बडे प्रेम से किया । सभी स्त्री–पुरुषों एवं बालक–बालिकाओ ने भी वड़े प्रेम के साथ भाग लिया । सारा महोल्ला राम–नाम की धुन से मुखरित हो उठा था । इसके तुरंत वाद स्वामीजी ने रामायण सुनाना प्रारम्भ कर दी । आज का प्रकरण था भगवान रामचन्द्रजी और लक्ष्मणजी का अपने गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुर में पहुचना, भगवान रामचन्द्र जी द्वारा धनुष–भंग तथा भगवान परशराम का लक्ष्मणजी के साथ संवाद । स्वामीजी की मधुर एव गम्भीर वाणी ने

इस धार्मिक-चर्चा में और चार चांद लगा दिये।

सभी लोग ध्यान से रामायण सुन रहे थे। जनकजी की चिन्ता:—"वीर विहीन भूमि मे जानी" और लक्ष्मणजी का जवाब:—"कंदुक इव ब्रह्मांड उठाऊं।"

परशराम जी का आते ही पूछना:—

"अति रिस वोले वचन कठोरा।
कहु जड जनक धनुप कै तोरा॥

इस पर भगवान राम ने शान्त और मृदु वानी में उत्तर दिया:—

"नाथ संभु धनु भंजन हारा।
होइहि कउ एक दास तुम्हारा॥"

आगे जब परशुरामजी का क्रोध बढता ही गया तो लक्ष्मणजी हंसकर वोले:—

लखन कहेउ हंसि सुनहु मुनि,
क्रोध पाप कर मूल।
जेहि वस जन अनुचित करहि,
चरहि विश्व प्रतिकूल॥

इस तरह लक्ष्मणजी के तीखे एवं टेढे वचन सुनकर जब परशुरामजी महा क्रोधित हो गये तब श्री रामचन्द्रजी वोले:—

"आर्त विनीत मृदु सीतल वानी।
वोले राम जोड़ि जुग पानी॥

दौड़ पड़े । देखते–देखते ही एक २०० स्त्री–पुरुषो
भीड़ केन्द्र पर इकत्रित हो गई और ज्यूंही स्वामी
पधारे उनके जै-जै कार से आकाश गूंज उठा ।
गुंजार के साथ ही स्वामीजी महाराज ने अ
ग्रहण किया ।

आज सभी लोगो की इच्छा थी कि राम
स्वामीजी के मुखारविन्द से ही सुने । महापुर
अन्तरयामी होते हैं । अत स्वामीजी ने भी लो
इच्छा का अनुभव करते हुए स्वयम् ही राम
सुनाने के लिए तैयार हो गये ।

स्वामीजी ने रामायण सुनाने मे पूर्व
राघव राजाराम के नाम का कीर्तन बड़े प्रे
किया । सभी स्त्री–पुरुषों एवं वालक–वालिका
भी वड़े प्रेम के साथ भाग लिया । सारा म
राम–नाम की धुन से मुखरित हो उठा था ।
तुरंत वाद स्वामीजो ने रामायण सुनाना प्रारम्भ
दी । आज का प्रकरण था भगवान रामचन्द्रजी
लक्ष्मणजी का अपने गुरू विश्वामित्र के साथ ज
पुर में पहुंचना, भगवान रामचन्द्र जी द्वारा धनु
भग तथा भगवान परशराम का लक्ष्मणजी के सा
संवाद । स्वामीजी की मधुर एव गम्भीर वाणी ने

इस धार्मिक-चर्चा में और चार चांद लगा दिये ।

सभी लोग ध्यान से रामायण सुन रहे थे। जनकजी की चिन्ता:—"वीर विहीन भूमि में जानी" और लक्ष्मणजी का जवाब:—"कंदुक इव ब्रह्मांड उठाऊं।"

परशुराम जी का आते ही पूछना:—

"अति रिस वोले वचन कठोरा ।
कहु जड़ जनक धनुष कै तोरा ॥

इस पर भगवान राम ने शान्त और मृदु वानी में उत्तर दिया:—

"नाथ संभु धनु भंजन हारा ।
होइहि कउ एक दास तुम्हारा ॥"

आगे जब परशुरामजी का क्रोध बढ़ता ही गया तो लक्ष्मणजी हंसकर वोले:—

लखन कहेउ हंसि सुनहु मुनि,
क्रोध पाप कर मूल ।
जेहि वस जन अनुचित करहि,
चरहि विश्व प्रतिकूल ॥

इस तरह लक्ष्मणजी के तीखे एवं टेढ़े वचन सुनकर जब परशुरामजी महा क्रोधित हो गये तब श्री रामचन्द्रजी वोले:—

"आर्त विनीत मृदु सीतल वानी ।
वोले राम जोड़ि जुग पानी ॥

सुनहु नाथ तुम्ह सहज सुजाना
बालक वचनु करिअ नहीं काना ॥
वर रै बालकु एक सुभाऊ ।
इन्हहि न संत विदूर्षाहि काऊ ॥
तेहिं नही कछु काज बिगारा ।
अपराधी मैं नाथ तुम्हारा ॥
कृपा कोपु वधु वंधव गोसाई ।
मोपर करिअ दास की नाई ॥

इस भाति स्वामीजी सरल एव मृदु राग में चौपाइयो को गा-गाकर उनका अर्थ सरल एव भाव भीने शब्दों में सुना रहे थे । बालक एवं वृद्ध सभी बड़े प्रेम से सुनने में मस्त हो रहे थे ।

वैसे रामायण सुनाने में हमारे अध्यापक श्री मोहन लाल भी कम नहीं थे । पर स्वामीजी की जिह्वा पर तो स्वयम् सरस्वती विराज रही थी ।

लोग ठगे से एक टक स्वामीजी की ओर देख रहे थे । वे नही चाहते थे कि रामायण का सुनाना वंद हो जाय । पर ज्योंही श्री मोहनलाल ने आठ बजने का संकेत दिया । स्वामीजी ने रामायण सुनाना वंद कर दिया ।

इस पर सभी ने बार-बार प्रार्थना की कि "स्वामीजी

और सुनाइये ।"

पर स्वामीजी अति मृदु स्वर में उत्तर देते हुए बोले—"भाइयो ! यहां पर श्री मोहन भाई का अधिकार है । हमें उनके बनाये नियमों का पालन करना चाहिए । भगवान रामचन्द्रजी ने कहीं पर भी नियमों का उलंघन नहीं किया अतः हमें भी नियमों में बंध कर चलना चाहिए । इसी से हमारा और हमारे राष्ट्र का भला है । आज कल की आरा-जकता जो खासकर छात्रों द्वारा प्रदर्शित की जा रही है। यह तो आप लोग रोज़ सुन ही रहे हो । इससे देश का कितना अहित हो रहा है । यह भी आप लोगो से छिपा नही है । यह सभी बाते नियमों का पालन न करने के कारण ही हो रही है । अतः मेरी आप सभी से प्रार्थना है कि आप आपके इस प्रौढ़-शिक्षा-केन्द्र के सभी नियमों का आदर के साथ पालन किजिये । इससे आप लोगों को अपार आनंद प्राप्त होगा । इन ५-७ दिनों में ही आप लोग जान गये होंगे कि यह केन्द्र आपका ज्ञान कितना विस्तृत करने वाला सिद्ध होगा । आपको प्रतिदिन देश में घटने वाली प्रिय एवं अप्रिय घटना सुनने को मिलती है । भजन कीर्तन से आपका मनोविनोद

एवं अध्यात्मक भूख को शान्ति मिलती है। रामायण आपको आदर्श मार्ग दिखला रही है। ये सभी बातें इस प्रौढ़-शिक्षा-केन्द्र का सुचारू रूप से अर्थात् सही रूप में चलने का ही फल है। अतः हमें इसे सब तरह से सफल करने में श्री मोहन लाल एवं कमेटियों के संचालको का साथ देना चाहिए। ताकि वे आप लोगों की सेवा भली भांति कर सकें।

कल रविवार है। कल चारो कमेटियो के क्या-क्या कर्तव्य होगे यह आपको श्री मोहनलाल भली भांति समझायेगे। मैं थोड़ा सा इस पर प्रकाश डाल देता हूं। आशा है वह आप लोगो के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा मेरा कहना यह है कि हमारे पूर्वजों ने कहा है कि:—

पहिला सुख नीरोगी काया।
दूजा सुख घर में हो माया।
तीजा सुख पतिव्रता नारी।
चोथा सुख पुत्र आज्ञा कारी।
पांचवा सुख सुथान निवासा।
छठा सुख राज मे पासा।

अर्थात् सबसे पहिले हमें, हम नीरोग कैसे रहे इस पर ध्यान देना चाहिए। यदि हम बीमार है। तो

वाकी के दूसरे सुख हमारे लिए वेकार है। इस कारण प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह स्वास्थ्य सम्बन्धा नियमो का पालन अवश्य करें अत: स्वास्थ्य-सम्बन्धी कमेठी का कर्त्तव्य होगा कि वह उन सभी नियमों एवं कार्यो से महोल्ले वालो को अवगत कराये। जिससे महोल्ले में बीमारी आ ही नहीं सके।

"दूसरा-सुख है घर में माया।" इसका कार्य है कि यदि हम आर्थिक दृष्टि से अर्थात् रुपये पैसे वाले होंगे तो जीवन सुखी रहेगा। इस कारण आर्थिक समस्या ठीक करने वाली कमेटी का धर्म है कि वह महोल्ले में आर्थिक दृष्टि से जाँच कर के फीजूल खर्च को वंद करावे। तथा छोटे-छोटे घरेलू धंधे चलाकर लोगों के कमाने की शक्ति को वढावे। घरेलू धंधे क्या-क्या हो सकते हैं यह आपको अध्यापक जी एवं इससे सम्वन्धित कमेटी के सदस्य समय पर वतायेंगे।

तीसरा सुख है-घर में पतिवृता नारी का होना। अर्थात् हमारी मां-वहिने पढ़ी लिखि एवं अपने कर्तव्य को जानने वाली हो। यह समस्या देखने में कठिन प्रतीत हो रही है। पर यहाँ पर यदि शिक्षा-

प्रसार-कमेठी सही कदम उठायेगी । तो इस समस्या का सुलझना मुश्किल नहीं होगा । इसका कारण यह है कि शहर मे महिला-समाज सुधार कार्य भी चल रहा है । उनके कार्यकर्त्ता महिलाओं से मिलने पर वे माँ-बहिनों के पढने, सफाई से रसोई बनाने, घरों को साफ सुथरा रखने एवं शिशुओं के लालन-पालन सम्बन्धी ज्ञान एव साधन देने के लिए सहप तैयार हो जायेगी ।''

"चोथा-सुख है पुत्र आज्ञाकारी ।''

यदि बच्चों की मां पढी लिखी एव आदर्श महिला होगी तथा समाज का ढाँचा सुधरा हुआ होगा तो पुत्र एव पुत्री दोनों ही आज्ञाकारी एव सेवावृत्ति होंगे ।

पांचवां सुख बताया गया है—भले स्थान पर निवास हो । स्थान तो सभी भले हो सकते । जबकि इनमें बसने वाले सुसभ्य एव भले व्यक्ति हो । यदि आपके महोल्ले में सभी लोग आपकी चानेवाले होंगे । अर्थात् समाज के नियमों का पालन भली भाति करने वाले होंगे तो महोल्ला अपने आप सुस्थान बन जायगा । यदि उपरोक्त बातें महोल्ले में न होगी तो भला स्थान भी नरक बन जाता है ।

छठा सुख बताया—"राज में पासा।" तो अब राज तो आप लोगों का ही होगया है। यदि आप इमे सुचारु रुप से चलायेगे। तो यह सुख अपने आप आप लोगों का प्राप्त हो जायगा।

यह बात जो हमारे पूर्वज थोड़े से में ही कितनी महत्वपूर्ण बता गये है इसे हमे भूलना नहीं चाहिए। यह हमारा पूरा-पूरा पथ-प्रदर्शन कर रही है। इस वार्ता के बाद स्वामीजी सभी को आशीर्वाद देते हुए अपने आश्रम की ओर प्रस्थान कर गये।

प्रौढ़ छात्रों ने प्रार्थना की ओर अपने दैनिक कार्य मे सलग्न हो गये। एक सप्ताह में छात्रों ने स्वर एवं व्यंजनों का पूरा-पूरा ज्ञान नवीन प्रणाली द्वारा प्राप्त कर लिया था।

इस केन्द्र के संचालक श्री मोहनलाल का दावा था कि वह प्रतिदिन आने वाले छात्र को जो पूरी लग्न के साथ अध्ययन करता है। तो एक माह में प्रौढ़ों के लिए बनी पहली पुस्तक का पढ़ना सिखा सकता है।

उसने वर्णमाला का निम्न प्रकार वर्गो में बंटवारा कर लिया था.—

पहिला था- (ग वर्ग) इस वर्ग में वर्णमाला

करा कर–मात्रा–ज्ञान केवल दो दिन में ही समाप्त करा दिया ।

इनके साथ-साथ शिक्षा-विभाग द्वारा मिली पुस्तक 'नया सवेरा' अपने पढ़ाये वर्णों के अलावा साथ-साथ पढ़ाते रहे । उनका सुझाव था कि अंक-शिक्षा प्रौढ़ों के अपने अनुभवों को आधार मान कर दी जाय तो अधिक अच्छा रहे और प्रौढ़ों को उससे अधिक सफ़लता मिल सकती है ।

उनका कहना था कि अधिकांश प्रौढ़ों को गणित का रोज के लेन–देन का ज्ञान होता है । वे अपनी मजदूरी हिसाव करके लेते हैं । कुम्हार अपने वर्तन वेचकर हिसाव से पैसे लेता है । उसी तरह माली तथा मालिन साग वेचकर पैसे ले लेती है । किसान भी अपने खेत के अनाज का पूरा हिसाव कर सकता है । यदि कमी है तो यही है कि वे अपने हिसाव को अंकों में लिख नहीं सकते । अतः अध्यापकजी को अंक–सिखाकर उन्हें उनके दिन-प्रतिदिन में काम आने वाले हिसाव वतावें तो छात्र वहुत शीघ्र अपने घरेलू-काम-काज के हिसाव करना और उनको अंकों में लिखना सीख जायेंगे ।

उदाहरणार्थः—मान लो रामू प्रतिदिन मजदूरी

के पांच रुपये लेता है। एक हफ्ते के (७×५) अर्थात् ३५) रुपये मिलेंगे। रामू ७ दिनों के ३५) रुपये अपना हिसाब करके लेता है। इसमें कोई संशय नहीं है। अब उसे बताना है कि ५) इस तरह लिखे जाते हैं और ३५ इस तरह। इसी तरह दूसरे काम-काजी छोटे-छोटे लेखे-जोखे जो प्रतिदिन उनके व्यवहार में आ रहे हैं—आधार मानकर अंकगणित के जोड़-बाकी, गुणा तथा भाग सिखाये जांय तो शिक्षक को बहुत जल्दी सफलता मिलने की आशा है।

उन्होंने अपने केन्द्र में समाज-शिक्षा, और समान्य विज्ञान की भी मौखिक शिक्षा देने का कार्यक्रम बना रखा था। वह निम्न प्रकार था:—

इतिहास:—आर्य, रामायण के पात्र, महाभारत के पात्र, भारत के संत, नेता तथा वीरों की संक्षिप्त जीवन कथा।

भूगोल:—संसार का दिग्ग-दर्शन, महाद्वीपों के नाम, महासागरों के नाम, देशों के नाम, भारत के पहाड़, नदी, झीलें,-तीर्थ स्थान, बाँध, राजधानियां बड़े कल-कारखानों के नाम, उपज तथा आवागमन के साधनों का साधारण-ज्ञान।

नागरिक-शास्त्र:— लोक-सभा, विधान–सभा–जिला परिषद, पंचायत समिति, पंचायत ओर नगरपालिकाओं का साधारण–ज्ञान, मूल-अधिकारों का ज्ञान, मंत्री–मंडल, राष्ट्रपति, प्रधान-मंत्री, मुख्य मंत्री और मंत्रियों के कार्य–कलापों पर प्रकाश डालना:—

सामान्य–विज्ञान में शरीर रचना का ज्ञान, बीमारियों का व्यौरा एवं उनसे बचने का ज्ञान। सफाई का महत्व आदि पर प्रकाश डालना:—

अध्यापकजी ने दैनिक शिक्षण–कार्य-क्रम को निम्न प्रकार विभाजित कर रखा था:—

अक्षर-ज्ञान–	४० मिनिट
अंकों का ज्ञान	२० मिनिट
समाज-शिक्षा	१० मिनिट
स० विज्ञान	१५ मिनिट
	६० मिनिट

अक्षर-ज्ञान तथा अंकगणित के सिवाय सभी दूसरे विषयों का ज्ञान मौखिक खास करके कहानियों के रूप में ही दिया जाता था। प्रौढ तो यही जानते थे कि उन्हें मास्टर साहब कहानियां ही सुना रहे हैं। अतः बातों ही बातों में उन्हें आवश्यक तत्व का ज्ञान आसानी से दिया जा रहा था।

चूंकि अक्षर-ज्ञान तो प्रौढ़-शिक्षा का एक मुख्य अंग है । सम्पूर्ण प्रौढ़-शिक्षा नही । सम्पूर्ण प्रौढ़-शिक्षा में तो निम्न विषयों का ज्ञान भी अनिवार्य है:—

आर्थिक दशा का ज्ञान,

समाज—सुधार सम्बन्धी ज्ञान

स्वास्थ्य सुधार सम्बन्धी ज्ञान,

राजनैतिक-समस्याओं ' सम्बन्धी ज्ञान,

अत: स्वामीजी ने इस महोल्ले में पूर्ण प्रौढ़-शिक्षा का ज्ञान देते हुए ही—उक्त विषयो के ज्ञानार्जन हेतु च्यार कमेठियों का सर्जन करना अत्यावश्यक वताया। जिनका निर्माण भी अक्षर-ज्ञान-केन्द्र के साथ-साथ होना ही आवश्यक है । अत: यही सोचकर कमेठियों का निर्माण किया गया । अक्षर—ज्ञान के पश्चात् हरी कीर्तन एवं भजन बोलने की व्यवस्था होने के कारण वृद्ध-पुरुष भी भजन सुनने तथा हरी कीर्तन सुनने के लिए इस समय तक केन्द्र को नहीं छोड़ते थे और थोड़ा भोत अक्षर-ज्ञान भी प्राप्त करते रहते थे ।

देश-विदेश के समाचार भी अध्यापक महोदय बहुत ही सरल भाषा में पूर्ण व्योरे के साथ-अच्छी तरह समझाकर सुनाते थे । इस कारण भी केन्द्र में उप-

स्थिति बनी रहती थी।

इस प्रकार इस सरस्वती महोल्ले का प्रौढ़-शिक्षा केन्द्र बड़ी सफलता के साथ चल रहा था।

बाधक-तत्व

गोस्वामी तुलसीदास जी ने सत्य ही लिखा है कि दुर्जन-जन सदा दूसरे की उन्नति देखकर जलते हैं। यथा:—"जरें ही सदा पर सम्पत्ति देखी।" साधारण बोल-चाल में भी यह कहते हैं कि अधिकतर लोग दूसरे को सुखी देखकर ही दुःखी हैं। दुःखी देखकर नहीं।

हमारे इस प्रौढ़-शिक्षा केन्द्र की सफलता भी दूसरे प्रौढ़-शिक्षा-केन्द्र-संचालकों की आंखों में खटकने लगी। भाग फूटेड़े को जैसे कर्म फूटेड़ो मिल जाता है। उसी तरह इस महोल्ले के भी कुछ ईर्षालु एवं स्वार्थी लोग भी उनको मिल गये। महोल्ले के कुछ पैसे वाले लोग जो इस महोल्ले के लोगों के खून को चूस रहे थे। इस केन्द्र द्वारा स्थापित आर्थिक—कमेठी की चपेट में आने लगे। इस कमेटी ने एक सहकारी-संस्था बनाकर महोल्ले को उसकी जरूरत वाली अत्यावश्यक वस्तुओं का एक सहकारी भण्डार

खोल दिया । जो सही कीमत पर आवश्यक वस्तुएें देने लगा । फलस्वरुप इस महोल्ले के दुकानोंदारों की मनचाही कीमत पर बेचने की शक्ति समाप्त होने लगी । उनमें घीसाराम खत्री तथा धन्नाराम गहलोत मुख्य थे । इन लोगों की दूकान इस महोल्ले में पिछले कई वर्षों से चल रही थी । इन थोडे से वर्षो में ही इन दोनों ने पक्के मकान बनवा लिए और हजारों रुपयों का माल दूकानों में रखने लगे । राशन से मिलने वाली चिणी इन गरीबों से यही दोनों खरीद लेते थे । बदले में दूसरी चीजे मन चाहे मूल्य पर उधार पहिले ही दे देते थे । ताकि वे चिणी किसी दूसरे को दे ही नही सके ।

पर अब स्वामीजी के सद् उपदेशों के फलस्वरूप तथा सहकारी भण्डार से सही मूल्य पर वस्तुऐं प्राप्त हो जाने के कारण–इन्होंने ब्लैक में चिणी बेचनी बंद कर दी । फलस्वरूप इन दोनों दूकानदारों को कम से कम ४००) मासिक की हानि होने लगी । लोग–बाग ने वस्तुऐं भी खरीदनी बंद कर दी । इससे और घाटा लगा इस घाटे ने उन्हें खोखला दिया । और वे इस प्रौढ शिक्षा केन्द्र के विरुद्ध कमर कशकर खड़े हो गये ।

इधर प्रौढ़-शिक्षा-केन्द्रों के संचालकों की जो साप्ताहिक सभा होती थी। उसमें प्रौढ़-शिक्षा-केन्द्र सरस्वती महोल्ले की वढ़ती प्रौढ़-छात्र संख्या एवं प्रौढ़ छात्रों का थोड़े से समय में ही नया सवेरा पुस्तक समाप्त कर देने तथा छोटे-छोटे घरेलू काम के सवाल निकाल लेने की योग्यता की रीपोर्ट सुन-सुन कर दूसरे प्रौढ़—शिक्षा—केन्द्रों के कुछ इर्षालु संचालक जल उठे। उन्होंने भी यह दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस केन्द्र को ऐन—केन प्रकारेण समाप्त कराना ही होगा। क्योंकि इस प्रौढ़—साक्षरता केन्द्र के संचालक श्री मोहनलाल की कार्य कुशलता ने उनको श्री अपर निदेशक महोदय के सामने नीचा दिखा दिया। वे जो खाली—बातें वना—वनाकर के ही उच्च-अधिकारियों को प्रसन्न करते आ रहे थे। अव वे असफल होने लगे। साप्ताहिक—सभा में उनको नीचा भी देखना पड़ा। वे जो वढ़-वढ़कर बातें करते थे। वे झूठी सिद्ध होने लगी। उच्च अधिकारियों की नजरों से गिरने लगे। इन सभी अपमानों की जड़ में उन्हें श्री मोहनलाल लगा। उन्होंने एक दिन एक मत होकर यह निश्चय किया कि सरस्वती महोल्ले के लोगों से मिल कर श्री मोहनलाल को वहां

से खदेड़ देने का प्रयत्न करना चाहिए। सो न रहे बांस और न बाजे बांसुरी वाली कुहावत चरितार्थ हो जाय।

इन अध्यापकों में मुख्य थे श्री गडवड़ लाल खत्री उन्होंने कहा कि इस सरस्वती महोल्ले में एक दूकानदार मेरे मिलने वाला है। मैं उससे मिलकर कोई न कोई उपाय अवश्य कर सकूंगा। अतः उसके दूसरे साथियों ने उसे ऐसा करने के लिए कहा। और उन्होंने हर तरह से उसका साथ देने का वादा भी किया।

इसी कारण कुछ दिन वाद श्री गड़वड़ लाल खत्री श्री घीसाराम खत्री की दूकान पर आ बैठा। दोनों ही व्यक्ति खत्री थे। इस कारण थोड़ी देर में ही दोनों में दूर का रिस्ता भी निकल आया। इससे और घनिष्ठा वढ़ी। श्री घीसाराम ने अपने लड़के से कहा कि "मास्टर साहब के लिए चाय तो बनाओ' इसी दोरान में मास्टर साहव ने पूछा लिया "क्यों खत्री साहब दूकानदारी तो खूब चलती होगी।" खत्री साहव ने दुःख प्रकट करते हुए कहा—चलती तो खूब थी। पर अव तो खर्चा भी नही निकल रहा है।" इस पर मास्टर साहव ने आश्चर्य में

आकर पूछा:—"क्यों खत्री साहब इस कमी का क्या कारण हो गया।" खत्री साहब ने गहरी सांस लेते हुए कहा—"कारण तो ऐसा खड़ा हो गया है मास्टर साहब कि यदि बना ही रहा तो एक न एक दिन यहां से दूकान उठानी पड़ेगी।"

'दूकान उठानी पड़ेगी !" मास्टर साहब ने जोर देकर पूछा—"

"हां मास्टर साहब बात तो ऐसी ही है।" खत्री साहब ने दुःख भरे शब्दों मे उत्तर दिया।"

"आखिर बात है क्या ! बताओ तो सही ।" मास्टर साहब ने कुछ गम्भीर होकर पूछा।

खत्री साहब इधर-उधर देखकर धीरे-धीरे कहने लगे—"बात यह है मास्टर साहब कि इस महोल्ले में एक रात्रि पाठशाला खुली है। यह रात्रि पाठ-शाला ही मेरी दूकान का सनीचर बनी हुई है।

"रात्रि पाठशाला का आपकी दूकान से क्या संबंध है ?" मास्टर साहब ने आश्चर्य भरे शब्दों में पूछा।"

इस पर खत्री साहब कहने लगे—"बात यह है-मास्टर साहब इस प्रौढ़-साक्षरता केन्द्र के संचा-लक श्री मोहनलाल ने एक स्वामीजी की सहायता

से इस महोल्ले की काया ही पलट दी है । क्या बालक और क्या वृद्ध सबके मुंह से इस केन्द्र की ही चर्चा सुनाई पड़ेगी । इधर दिन छिपा । उधर केन्द्र पर लोगों की भीड़ लगने लगी । ७ बजते-बजते महोल्ले के सभी लोग-बाग केन्द्र पर पहुंच जाते हैं ।"

इस पर मास्टर साहब ने पूछा—"सभी लोग वहां पर जाकर क्या करते है ?"

खत्री साहब ने मुँह बना कर कहा—'पूछो ही मत इन दोनों ने ऐसा जाल बिछाया है कि–७ बजे से लेकर ११ बजे तक एक भी आदमी वहां से हटना नहीं चाहता ।"

इस पर मास्टर साहब ने आश्चर्य में पड़कर पूछा–"बताओ तो सही वह जाल है क्या ?"

